a2zSubjects.com

PRSU UNIVERSITY-2017

HINDI LITERATURE (Hindi Katha Sahitya)-2017

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 75

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिये : 24

(क) यह समझ लीजिये कि जिस देश में स्त्रियों को जितनी अधिक स्वाधीनता है, वह देश उतना ही सभ्य है। स्त्रियों को कैद में, परदे में या पुरुषों से कोसों दूर रखने का तात्पर्य यही निकलता है कि आपके यहाँ जनता इतनी आचारभ्रष्ट है कि स्त्रियों का अपमान करने में जरा भी संकोच नहीं करती।

या लज्जा ने सदैव वीरों को परास्त किया है। जो काल से भी नहीं डरते वे भी लज्जा के सामने खड़े होने की हिम्मत नहीं करते। आग मे कूद जाना, तलवार के सामने खड़े हो जाना, उसकी अपेक्षा कहीं सहज है। लाज की रक्षा के लिये बड़े-बड़े राज्य मिट गये हैं, रक्त की नदियाँ बह गई हैं, प्राणों की होली खेल डाली गई हैं।

(ख) बुद्धगुप्त! मेरे लिये सब भूमि मिट्टी है, सब जल तरल, सब पवन शीतल है। कोई विशेष आकांशा हृदय में अग्नि के सामन प्रज्वलित नहीं। सब मिलाकर मेरे लिये एक शून्य है। प्रिय नाविक तुम स्वदेश लौट जाओं, वैभवों का सुख भोगने के लिये और मुझे छोड़ दो इन निरीह भोले-भाले प्राणियों के दुःखों में सहानुभूति और सेवा लिये।

या भय से चीखकर ओट में हो जाने के लिये भागती हुई औरतों पर दया कर भीड़ छँट गई। चौधरी बेसुध पड़े थे। जब उन्हें होंश आया, ड्योढ़ी का परदा आँगन में सामने पड़ा था परन्तु उसे उठाकर फिर से लटका देने की सामर्थ्य उनमें शेष न थी।शायद अब उसकी आवश्यकता भी न थी। परदा जिस भावना का अवलम्ब था, वह मर चुकी थी।

a2zSubjects.com

(ग) आज सिरचन को मुफ्तखोर या चटोर कह ले कोई। एक समय था जब उसकी मड़ैया के पास बड़े-बड़े लोगों की सवारियों बँधी रहती थीं। उसे लोग पूछते ही नहीं थे, उसकी खुशामद भी करते थे। अरे सिरचन भाई! अब तो तुम्हारे ही हाथ में कारीगरी रह गई है सारे इलो में। एक दिन का समय निकालकर चलो।

या मगर कोठरी में बैठने की देर थी कि आँखों में छल-छल आँसू बहने लगे। दुपट्टे से बार-बार उन्हें पोंछती पर वे बार-बार उमड़ आते, जैसे वर्षों का बाँध तोड़कर उमड़ आये हों। माँ ने बहुतेरा दिल को समझाया, हाथ जोड़े, भगवान का नाम लिया, बेटे के चिरायु होने की प्रार्थना की। बार-बार आँखें बन्द की मगर आँसू बरसात के पानी की तरह जैसे थमने में ही न आते थे।

2. 'गबन' उपन्यास की कथावस्तु संक्षेप मे लिखिये। 12

या 'गबन' उपन्यास की नायिका जालपा का चरित्र-चित्रण कीजिये।

3. कहानी के तत्वों के आधार पर 'ठेस' कहानी की समीक्षा कीजिये। 12

या 'बिरादरी बाहर' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिये।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर टिप्पणियाँ लिखिये : 4x3=12

(i) बालशौरि रेड्डी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व।
(ii) शिवानी की कहानी में नारी मनोभाव। a2zSubjects.com
(iii) 'मलबे का मालिक' कहानी का उद्देश्य।
(iv) 'आकाशदीप' कहानी का केन्द्रीय भाव।
(v) 'गदल' कहानी की कथावस्तु।
(vi) हिन्दी कहानी की विकासयात्रा।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं पन्द्रह प्रश्नों के उत्तर दीजिये : 1x15=15

(i) 'गबन' उपन्यास का नायक कौन है?
(ii) बुधिया किस कहानी का पात्र है?
(iii) चम्पा किस कहानी की नायिका है?
(iv) 'गदल' कहानी के लेखक कौन हैं?
(v) पारस बाबू किस कहानी के पात्र हैं?
(vi) आंचलिक कथाकार किस कहानीकार को कहा जाता है?
(vii) पाठ्यक्रम में संकलित भीष्म साहनी की कहानी का नाम लिखिये।
(viii) शिवानी के जन्म-स्थान का नाम लिखिये।
(ix) गदल के बेटे का नाम लिखिये।
(x) उपेन्द्रनाथ 'अश्क' कहानी के अतिरिक्त किस विधा के साहित्यकार हैं?
(xi) 'परदा' कहानी समाज के किस वर्ग की कहानी है?
(xii) 'शामनाथ' किस कहानी के प्रमुख पात्र है?
(xiii) उपन्यास सम्राट किसे कहा जाता है? a2zSubjects.com
(xiv) मोहन राकेश रचित पाठ्यक्रम में संकलित कहानी का नाम लिखिये।
(xv) जालपा को किस गहने से लगाव था?
(xvi) राजेन्द्र यादव ने किस पत्रिका का सम्पादन किया?
(xvii) 'स्वर्ग की झलक' कृति के रचनाकार का नाम लिखिये?
(xviii) बालशौरि रेड्डी की हिन्दी में कितनी पुस्तकें प्रकाशित हुईं?
(xix) पाठ्यक्रम में संकलित प्रेमचंद की कहानी का नाम लिखिये?
(xx) मालती किस कहानी की नायिका है?